NT>

Title: Need to start construction work of building for Adarsh Navodaya Vidyalaya at village Shergarh, Dabwali Tehsil, Haryana − Laid.

डॉ0 सुशील कुमार इन्दौरा (सिरसा) : सभापति जी, सरकार द्वारा देश में शिक्षा के संबंध में आवश्यक महत्वाकांक्षी योजना घोाित की जा चुकी है। घोाित योजना देश के लिए आवश्यक होने के साथ साथ उपयोगी भी है। मैं समझता हूं कि योजना के क्रियान्वयन के लिए सरकार को कारगर कदम उठाने होंगे। जवाबदेह और गतिशील प्रशासन ही इस योजना को सफल बना पायेगा, किंतु मुझे अभी प्रशासनिक व्यवस्था में भारी खामियां देखने को मिल रही हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र की डबवाली तहसील में शेरगढ़ नामक ग्राम है। वहां गत 27 जुलाई 2001 में माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी ने एक आदर्श नवोदय विद्यालय का शिलान्यास किया था । लोगों को आशा थी कि इस विद्यालय से क्षेत्र की शिक्षा की कमी को एक सीमा तक दूर करने में सहायता मिलेगी। किंतु, गत शैक्षणिक सत्र तो बीत ही गया, आगामी सत्र में भी इस परियोजना के निर्माण का कार्य प्रारंभ होते नजर नहीं आ रहा है। राज्य सरकार की ओर से परियोजना के लिए भूमि दे दी गई है, किंतु उस भूमि पर काम शुरू नहीं हो पाया है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना को आगामी शैक्षणिक सत्र में ही पूरा करने का निर्णय किया जाये ताकि यहां शिक्षण कार्य प्रारंभ हो सके।